प्र १ निम्नलिखित अवतरणों को संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए:- १६

अ) "ज्यादातर यही होता है कि बीरन की चिट्ठी नमता उठाकर लाती सुबह जब डाक आने का वक्त होता तब वह श्यामलाल के दरवाजे पर आँखें टिकाए रहती ।"

अथवा

"लड़का मेरा सीधा है । आफत की परकाला तो ये लड़कियां हैं । वह अपनी पढ़ाई पूरी कर गया , नौकरी चाकरीवाला हो गया ।"

आ) "जगेसर ,कह रहा था न ,दौलत जिसके नसीब में बदा होती है उसी को मिलती है । सड़क के किनारे दुकान बना लेने से आदमी अमीर नहीं हो जाता है । आज सुबह तुम्हारी दुकान ढाह दी गई है ।"

अथवा

"लेकिन मेघना पत्नी की बात को चाहते हुए भी चेतना के स्तर पर स्वीकार नहीं कर पाया । उसने स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि बाबू तेगासिंह और गाँव के अन्य बाबू लोग उसके साथ इस तरह पेश आयेंगे । "

प्र २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : २४

क) 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' उपन्यास की भाषा- शैली पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

श्यामलाल का चरित्र –चित्रण कीजिए ।

ख) ' दूसरा महाभारत' कहानी के महाभारत पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'सुनयना ' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

प्र ३ निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए : - १५

च) 'समुद्र में खोया हुआ आदमी' उपन्यास की कथावस्तु लिखिए ।

अथवा

छ) 'सुनयना ' का चरित्र – चित्रण कीजिये ।

प्र ४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : - १०

च) ' बाबूजी ' कहानी के बाबूजी

अथवा

'तिरिया जनम' कहानी की सुनयना का पति

छ) बीरेन के मौत की राजनीति ।

अथवा

हरबंश का चरित्र-चित्रण ।

प्र ४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : १०

१ हरबंश ने किससे शादी की ?

२ वीरन के पत्र कौन उठता था ?

NOIOACK

३ श्यामलाल की कितनी बेटियाँ थी ?

४ होस्टल में रहने किसे भेजा गया था ?

५ समीरा को किस कोर्स में भर्ती कराया गया ?

६ मिथिलेश्वर ने ' प्रतिनिधि कहानियाँ ' यह पुस्तक किसको समर्पित की है ?

७ मिथिलेश्वर का जन्म कब हुआ ?

८ मिथिलेश्वर किस महाविद्यालय के हिन्दी विभाग में प्राध्यापक थे ?

९ बाबूजी की सेवा किसने की ?

१० जगेसर की दुकान किसने ढहाई ?

....